अति–आवश्यक / महत्वपूर्ण

# कार्यालय–कुलसचिव
# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
# कानपुर–02

संख्या : 1159 / अदम / जी0ए0 / 2020 दिनांक : मार्च, 18 2020

## कार्यालय–ज्ञाप

आदेशानुसार मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "कोरोना वायरस (COVID-19)" से बचाव हेतु विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षायें एवं पठन–पाठन दिनांक 02.04.2020 तक स्थगित किया जाता है एवं उक्त तिथि तक समस्त छात्र–छात्राओं को घर में रहने तथा शिक्षकों द्वारा छात्र–छात्राओं से निरन्तर दूरभाष / मोबाइल पर संपर्क स्थापित करते हुए आनलाइन अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे कि सम्बन्धित छात्र / छात्राओं का पठन–पाठन सुचारू रूप से चलता रहे।

उक्त के अतिरिक्त समस्त अधिकारियों / शिक्षकों / कर्मचारियों / छात्र–छात्राओं को सुझाव दिया जाता है कि कोरोना वायरस रोग के रोकथाम एवं फैलाव को रोकने हेतु निम्नलिखित का अनुपालन सनिश्चित करने का कष्ट करें :

1. विश्वविद्यालय की यदि कोई अति–आवश्यक बैठक आयोजित हो तो वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की जायं, जिन बैठकों में बडी संख्या में लोगों को प्रतिभाग करना हो उन्हें सीमित किया जाय अथवा पुर्ननिर्धारित किया जाय।
2. विश्वविद्यालय के समस्त विभागों / अनुभागों में हैण्ड वाशिंग प्रोटोकाल सुनिश्चित किया जाय।
3. विश्वविद्यलाय में किसी भी प्रकार के कार्यक्रम, संगोष्ठी, कान्फ्रेंस व किसी भी प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताएं न सम्पन्न की जाय।
4. अधिकारियो / कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को सलाह दी जाती है कि अनावश्यक यात्रा से बचा जाये। बस, ट्रेन तथा वायुयान जैसे सार्वजनिक परिवहन में लोगों की पर्याप्त दूरी सुनिश्चित की जाय।
5. विश्वविद्यालय में अधिकारियो / कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को सुझाव दिया जाता है कि लोगों के मध्य स्वच्छता एवं भौतिक दूरी सुनिश्चित की जायें। हाथ मिलाना तथा गले लगाना जैसे अभिवादन के तरीके से बचा जाय एवं जनसामान्य को निरन्तर इस सम्बन्ध में सूचना दी जाय।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाय।

(डा0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपि :निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / अनुभाग प्रभारी / पुस्कालयाध्यक्ष / कार्यशालाधीक्षक / परीक्षा नियंत्रक / वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

2–विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

3–सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित की छात्र–छात्राओं को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने हेतु वेबसाइट पर लिंक देने का कष्ट करें।

(डा0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव